COVID-19 की वैक्सीन (टीके): FAQs (प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न)

सबसे पहले वैक्सीन रोल-आउट (आबंटन) में कौन शामिल है?

सहसे पहला रोल-आउट सभी बॉर्डर और MIQ कर्मचारियों और उनके साथ रहने वालों – 'घरेलू संपर्कों' के लिए है जिसे मौजूदा अनिवार्य जाँच आदेश (2020) में सम्मिलित किया गया है।

यह उन कर्मचारियों पर लागू होता है जो वर्तमान में अपने काम के लिए COVID-19 की आवश्यक रूप से जाँच करा रहे हैं। इन कर्मचारियों को COVID-19 के खतरे का सामना दैनिक रूप से करने वालों में से सबसे ज्यादा खतरे में माना जाता है, इसलिए उनकी और उनके साथ रहने वालों की रक्षा को हमें प्राथमिकता देने की जरूरत है।

मुझे टीका लगवाने के बारे में ज्यादा जानकारी कब मिलेगी?

टीकाकरण के स्थानों, आपको कब टीका लगाने की संभावना है, और अपने टीकाकरण का इंतजाम कैसे करें, इस बारे में जानकारी को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा और हम आपको इस बारे में सूचित करेंगे।

एक बार टीका लगने के बाद भी, क्या मुझे टैस्ट करवाने की जरूरत होगी?

हाँ। डेटा (आँकड़े) इस बारे में स्पष्ट है कि टीके वायरस के प्रभाव से व्यक्तियों की रक्षा करते हैं, लेकिन शोधकर्ताओं के लिए यह निर्धारित करना अभी भी बहुत जल्दी है कि एक टीका लगाया व्यक्ति किसी और को वायरस फैला सकता है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है, हमें यह मानने की जरुरत है कि अभी भी फैलाव का खतरा है। इसका मतलब है कि हमारी सीमा और MIQ कार्यकर्ताओं की अनिवार्य जांच को जारी रखना जरूरी है।

क्या मुझे टीका लगने के बाद स्वच्छता के बारे में सतर्क रहने की जरूरत है?

यह एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी है कि टीके हाथ धोने, अपनी कोहनी में खाँसने और छींकने की अच्छी स्वच्छता प्रथाओं, मास्क पहनने या फेस कवरिंग (चेहरे को ढंकने) और PPE (पीपीई) सहित अन्य सावधानियां बरतने का विकल्प नहीं हैं।

क्या वैक्सीन मुझे वायरस को दूसरों तक पहुंचाने से रोकती है?

फिलहाल हम इस बारे में नहीं जानते। हम जानते हैं कि टीका लगवाना पीपीई, नियमित जाँच और अन्य सावधानियों को जारी रखने की जरूरत को दूर नहीं करता है।

'घरेलू संपर्क' किसे कहते हैं?

इसका मतलब है कि कोई भी व्यक्ति जोआमतौर पर आपके साथ रहता है, चाहे वे आपसे संबंधित हो या नहीं। इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो आपके साथ पार्ट-टाइम रहते हैं। इसमें papakāinga (पापाकायेंगा- माओरी सामूहिक आवास स्थान) भी शामिल है।

मेरे घरेलू संपर्कों को टीका कब लगेगा?

सीमा और MIQ कर्मचारियों को पहली खुराक दिए जाने के बाद, घरेलू संपर्कों को आरंभिक रोल-आउट के हिस्से के रूप में टीका लगाया जाएगा।

मेरे घरेलू संपर्कों से उनके टीकाकरण की व्यवस्था के लिए कैसे संपर्क किया जाएगा?

यह जरूरी है कि हम इस प्रक्रिया का सही रूप से पालन करें। हम यह सुनिश्चित करने के करीब हैं कि हम आपके घरेलू संपर्कों से कैसे संपर्क करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें वह जानकारी प्राप्त हो जिसकी जरूरत उन्हें अपने टीकाकरण की व्यवस्था करने के लिए होगी। हम आपको जितनी जल्दी हो सकेगा जानकारी देंगे।

Unite against COVID-19

New Zealand Government

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

HP7556 | 15 फरवरी 2021

HP7556 COVID-19 FAQs V7 (Hindi).indd 1 16/02/2021 1:04:56 PM

क्या यह वैक्सीन सुरक्षित है?

वैक्सीन विकास में वैज्ञानिकों और सरकारों के बीच इस स्तर का वैश्विक सहयोग पहले कभी नहीं हुआ है – और इससे इसके विकास की गति और दुनिया भर में नैदानिक परीक्षणों की शुरूआत में सुधार हुआ है।

हम तेजी से बिना कोई शॉर्टकट (संक्षिप्त रास्ता) लिए या सुरक्षा से समझौता करके, आगे बढ़ रहे हैं।

वैक्सीन कंपनियां दुनिया भर में अपना डेटा साझा कर रही हैं, जिसने अनुसंधान प्रक्रिया को गति प्रदान की है और मैसेंजर RNA तकनीक के उपयोग जैसे कई नवाचार किए हैं।

न्यूज़ीलैंड के मेडसेफ जैसी वैक्सीन को विनियमित करने वाली एजेंसियां क्लिनिकल ट्रायल के डेटा को सामान्य समय की अपेक्षा जल्दी मूल्यांकन कर सकी हैं। बड़े मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स (विनिर्माण संयंत्रों) का विकास किया गया है, जिससे टीकों का पहले से अधिक तेजी से और बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा सके।

बड़े, चालू नैदानिक परीक्षणों से डेटा प्राप्त करने का काम अब भी जारी रहेगा, जिससे हम टीके की सुरक्षा और प्रभावशीलता की निगरानी में सक्षम रहेंगे, आरंभिक रोल-आउट से लेकर उनके जारी उपयोग तक।

इन सभी परिवर्तनों का मतलब है कि सुरक्षा स्वीकृतियां जो लंबा समय लेती थीं, तेजी से हुई हैं। कोई शार्टकट नहीं लिया गया है।

क्या टीका वायरस के नए उपभेदों के खिलाफ प्रभावी है?

स्वास्थ्य मंत्रालय अन्य देशों से प्राप्त प्रारंभिक आंकड़ों का मूल्यांकन कर रहा है कि नए उपभेदों का टीके की प्रभावशीलता पर क्या प्रभाव हो सकता है। कुछ कंपनियों ने संकेत दिया है कि वे इसके ठीक से काम करने के लिए टीके में बदलाव कर सकते हैं – यह इन्फ्लूएंजा वैक्सीन में किए गए नियमित परिवर्तनों के समान है।

टीके कैसे काम करते हैं?

टीके संक्रमण के संपर्क में आए बिना जल्दी से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रतिक्रिया करने का काम सिखाते हैं।

परंपरागत रूप से, अधिकांश टीके प्रतिरक्षा प्रणाली में संशोधित संस्करणों, या वायरस के कुछ हिस्सों को पेश करके काम करते हैं, शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को सुरक्षात्मक एंटीबॉडी बनाकर प्रतिक्रिया करने के लिए प्रेरित करते हैं ताकि जब आप वास्तविक संक्रमण का सामना करते हैं तो आपका शरीर इससे लड़ने के लिए तैयार हो।

COVID-19 टीकों में से कुछ, जैसे कि Pfizer (फाइजर) वैक्सीन, एक अलग पद्धति का उपयोग करते हैं। इन्हें 'मैसेंजर RNA' टीके के रूप में जाना जाता है। ये टीके वायरस कोशिकाओं का उपयोग बिल्कुल नहीं करते हैं – इसके बजाय उनके पास RNA कोड का एक टुकड़ा होता है जो अनिवार्य रूप से वायरस को पहचानने के लिए आपके शरीर को सिखाता है, इसलिए यह संक्रमित होने पर सीधे प्रतिक्रिया दे सकता है।

प्रत्येक टीका थोड़ा अलग है और इसकी अपनी विशेषताएं हैं। जैसे-जैसे मेडसेफ अपनी अनुमोदन प्रक्रियाओं को पूरा करता है, प्रत्येक वैक्सीन के बारे में विशिष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

क्या मुझे विकल्प दिया जाएगा कि मुझे कौन सा टीका दिया जाए?

नहीं। न्यूज़ीलैंड ने जिन चार टीकों को प्राप्त किया है, वे अलग-अलग समय में अनुमोदन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। Pfizer (फाइजर) वैक्सीन ही एकमात्र वर्तमान वैक्सीन है जिसे न्यूज़ीलैंड में उपयोग के लिए सुरक्षित और प्रभावी होने के नाते मेडसेफ द्वारा अनुमोदित किया गया है।

अतिरिक्त सहायता और जानकारी

अगर आप ऐसे लक्षणों का अनुभव करते हैं जो COVID-19 से संबंधित हो सकते हैं, जैसे कि एक नई निरंतर खांसी, उच्च तापमान/बुखार या आपकी साधारण स्वाद या गंध खोना या उसमें परिवर्तन, तो घर पर रहें और COVID-19 टैस्ट करवाएं।

अगर आप अपने लक्षणों के बारे में अनिश्चित हैं या वे ज्यादा खराब हो जाते हैं, तो हैल्थलाइन को **0800 358 5453** नंबर पर फोन करें।

अगर आपको अपनी सुरक्षा के बारे में तत्काल चिंता है, तो **111** पर फोन करें, और यह जरूर बताएं किआप COVID-19 का टीका लगवा चुके हैं ताकि वे आपका सही मूल्यांकन कर सकें।

www.health.govt.nz/covid-vaccine

Unite against COVID-19

New Zealand Government

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA

HP7556 COVID-19 FAQs V7 (Hindi).indd 2 16/02/2021 1:04:56 PM